CLASS NOTES-ANSWERS

पाठ ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क) खरगोश कहाँ रहते थे?

उत्तर: खरगोश जंगल में एक सरोवर के किनारे रहते थे।

(ख) खरगोशों का सरदार हाथियों के सरदार को कहाँ ले गया?

उत्तर: खरगोशों का सरदार हाथियों के सरदार को सरोवर पर ले गया।

(ग) हाथियों ने सरोवर के जल में किस की परछाई देखी?

उत्तर: हाथियों ने सरोवर के जल में चंद्रमा की परछाई देखी ।

लिखित

(क) खरगोशों का सरदार क्या देखकर दुखी हुआ?

उत्तर: खरगोशों का सरदार हाथियों को देखकर दुखी हुआ क्योंकि हाथी अपनी सूंड में पानी भर कर इधर-उधर फेंकते तथा खरगोशों को पैरों के नीचे कुचल देते थे।

(ख) खरगोशों के सरदार को क्या तरकीब सूझी ?

उत्तर: खरगोशों के सरदार ने हाथियों के सरदार से कहा कि चंद्रमा आपके आने से नाराज है क्योंकि आपने सरोवर गंदा कर दिया है। यदि आप यहाँ से नहीं गए तो आप का सर्वनाश हो जाएगा।

(ग) हाथियों का सरदार भयभीत क्यों हो गया?

उत्तर: हाथियों को सरदार के भयभीत हो गया क्योंकि खरगोशों के सरदार ने कहा कि चंद्रमा उनसे नाराज है और वह उनके दल का सर्वनाश कर देंगे।

(घ) हाथियों की सरदार ने चंद्रमा से क्षमा मांगते हुए क्या कहा?

उत्तर: हाथियों के सरदार ने चंद्रमा से क्षमा मांगते हुए कहा कि हम अपनी गलती स्वीकार

करते हैं। अब से हम कभी किसी को तंग नहीं करेंगे।

2) सही उत्तर चुनकर सही का निशान लगाओ।

(क) खरगोशों के सरदार ने कौन से वृक्ष के नीचे सभा की?

पीपल

(ख) हाथियों का दल किसकी तलाश में आया?

पानी

(ग) हाथियों के सरदार ने किस-किस से क्षमा मांगी?

चंद्रमा से

भाषा ज्ञान

1) निर्देशानुसार लिखो।

(क) दो पशुओं के नाम	-	गाय, भैंस
(ख) दो स्थानों के नाम	-	इलाहाबाद, हरिद्वार
(ग) दो पेड़ों के नाम	-	आम, अमरूद
(घ) दो देशों के नाम	-	जापान, रूस
(ङ) दो फलों के नाम	-	केला, सेब

2) इन चित्रों के लिए दो - दो पर्यावाची शब्द चुनकर लिखो।

वृक्ष, पेड़

जल, पानी

चांद, चंद्रमा

सरोवर, तालाब

3) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम चुनकर लिखो।

रात	x	दिन	दूर	x	पास
दुखी	x	सुखी	गन्दा	x	अच्छा
नाराज़	x	प्रसन्न	शीघ्र	x	देर
स्वीकार	x	अस्वीकार	गर्मी	x	सर्दी

THE GARDEN SCHOOL ... appally 686 508

4) हिंदी में अनुवाद करो।

(क) I have an idea. मेरे पास एक उपाय है।

(ख) Who are you? तुम कौन हो?

(ग) They are very angry with you. वे आपसे बहुत नाराज हैं।

(घ) Cold air was blowing. ठंडी हवा चल रही थी।

पाठ से आगे।

संकेतों की सहायता से वर्ग पहले पूरी करो।

1) समुद्र
2) सरोवर
3) खरबूजा
4) खरगोश
5) जाला
6) शलजम
7) मछली
8) छतरी
9) रीछ
10) छिपकली

THE GARDEN SCHOOL Anakkal P.O., Kanjirappally 686 508

खेल खेल में

चित्र देखकर कहानी लिखो।

एक पेड़ पर चिड़ा और चिड़िया घोसला बनाकर रहते थे। उसी पेड़ के नीचे बिल में एक साँप रहता था। एक बार चिड़िया ने अपने घोंसले में अंडे दिए। एक दिन चिड़ा और चिड़िया पेड़ पर नहीं थे। तभी साँप पेड़ पर चढ़ गया और सारे अंडे खा गया। कुछ देर बाद जब चिड़ा और चिड़िया वापस आए तो उन्होंने देखा कि घोंसले में अंडे नहीं है। यह देख कर उन्हें बहुत दुख हुआ। चिड़ा ने कहा कि वह इस साँप को सबक सिखा कर ही रहेगा। एक दिन नदी में रानी अपनी सखियों के साथ नहाने आई। रानी ने अपना कीमती हार उतारकर नदी के किनारे रख दिया। फिर वह नदी में चली गई। तभी चिड़े ने कीमती हार उठाया और साँप के बिल के बाहर रख दिया। तभी रानी के सैनिक हर ढूँढ़ते हुए वहाँ आ पहुँचे। उसी समय साँप बिल के बाहर निकल। सैनिकों ने साँप को एक सपेरे को दे दिय। चिड़ा और चिड़िया बहुत खुश हुए।